राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार
सांस्कृतिक प्रकोष्ठ (वार्षिक रिपोर्ट 2025-26)

1.महाविद्यालय में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 17-10-2025 को 'प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' आयोजित की गई जिसमें नृत्य, गायन, साहित्य व फाइन आर्ट की 14 प्रकार की प्रतियोगिताओं (क्विज, गायन हरियाणवी ग्रुप डांस, जर्नल ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, जर्नल सोलो डांस, पोस्टर मेकिंग, कॉलाज, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, रंगोली, मेहंदी, इंस्टॉलेशन, कार्टूनिंग आदि) का आयोजन करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की लगभग 165 छात्राओं ने भाग लिया।

2.महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 3-4 नवंबर 2025 को HAU Hisar में हुए 'जिला युवा महोत्सव 2025' में पेंटिंग, समूह लोक गायन व समूह लोक नृत्य की प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया, जिसमें 17 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें महाविद्यालय ने **समूह लोक गायन में प्रथम तथा समूह लोक नृत्य में तृतीय** स्थान प्राप्त किया।

3.सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के **13 वें युवा महोत्सव 2025** में भाग लिया गया। यह आयोजन 7-9 नवंबर 2025 को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय ने 19 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस युवा महोत्सव में महाविद्यालय ने **समूह लोक गायन में प्रथम और ऑन स्पॉट पेंटिंग में द्वितीय स्थान** प्राप्त किया।

4.सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा 20-2-2026 को महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'झंकार' करवाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे क्विज, हिंदी कविता पाठ, अंग्रेजी कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, रंगोली, गायन, समूह नृत्य, हरियाणवी एकल नृत्य, जर्नल एकल नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रों को सर्टिफिकेट और कैश राशि क्रमशः 300, 200,100 देकर सम्मानित भी किया गया। 'झंकार' कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की लगभग 270 छात्राओं ने भाग लिया।

29-09-2026

डीन
सांस्कृतिक प्रकोष्ठ

प्राचार्य